दिन–बुधवार दिनांक– 11 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों के आधार पर अलग–अलग श्रेणियों में बिहार समेत विभिन्न राज्यों के कुल पैंतालीस पंचायत प्रतिनिधियों का विभिन्न पुरस्कारों के लिए चयन किया गया है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है। समारोह के दौरान केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण करेंगे।

————————————————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह से वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस तक मनरेगा के तहत बिहार में एक सौ चौवन दशमलव चार–चार करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया। लोकसभा में दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर के एक प्रश्न के जवाब में श्री चौहान ने बताया कि बिहार में मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष दो हजार छह–सात से दो हजार तेरह–चौदह तक छिहत्तर दशमलव पांच–आठ करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया था।

————————————————————————

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यदि सदन में आम सहमति हो तो सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता – एआई को शासित करने के लिए कानून बनाने के लिए तैयार है। आज लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नैतिकता आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कानूनी रूपरेखा के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि देश में व्यापक इंडिया एआई मिशन शुरू किया गया है। इसके सात स्तंभ हैं – एआई कंप्यूट

सुविधा बनाना, कौशल रूपरेखा, स्टार्टअप वित्तपोषण, नवाचार केंद्र बनाना, डाटासेट प्लेटफॉर्म और नए एप्लीकेशन बनाना। श्री वैष्णव ने बताया कि एआई फ्यूचर स्किल्स प्लेटफॉर्म में आठ लाख साठ हजार लोगों ने नामांकन कराया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण देने के लिए यह प्लेटफॉर्म उद्योगजगत के साथ सहयोग से बनाया गया है।

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————

कटिहार जिले के बरारी निवासी बीएसएफ जवान राजेश कुमार भारती का अंतिम संस्कार पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। राजेश कुमार भारती की पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में हुई बर्फबारी में दबने से मौत हो गयी थी।

————————————————————————

बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के मेहदा शाहपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने शराब पीने से मौत की आशंका जताई है। इधर, जिला प्रशासन ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

————————————————————————

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कौआखोंच गांव में एक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने सेना के एक नायक सूबेदार समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक राइफल, एक बंदूक और कारतूस बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर पांच किलो गांजा, स्मैक, शराब और हथियार के साथ दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।